# फरियादियों को भेजा जेल, दंबगियों के दबाव में नहीं हो पा रही कार्रवाई

## जमीन जायदाद को लेकर किया गया हमला

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 दिसंबर, मैहर जिले के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत सभागंज में चल रहे जमीनी विवाद को लेकर फरियादी के साथ आरोपियों ने मारपीट कर उल्टा रिपोर्ट दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया।**

यही नहीं जेल से छूटने के बाद आरोपी फरियादी को न तो घर जाने देते है न ही ट्रेक्टर एवं ऑटो को घर के सामने निकलने देते है जिसके चलते फरियादी को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**आर्केस्ट्रा देखने गए तो मारपीट की गई-** उक्त जानकारी धनीराम कुशवाहा पिता स्व. सुधुआ कुशवाहा उम्र 54 निवासी सभागंज जिला मैहर ने जिला कलेक्टर को 18-12-25 को दिए गए आवेदन में देते हुए बताया है कि मैं धनीराम कुशवाहा निवासी सभागंज दिनांक 1-10-25 को नवरात्रि गांव में चल रहे आर्केस्ट्रा देखने गया था और जब रात्रि लगभग 12 बजे मैं बाथरूम करने के लिए पीछे गया जहां पर विनोद कुशवाहा आया और मेरे गले में पीछे से गमछा फंसाकर बोला आज तुझे जान से मार दूंगा और पटक दिया तभी कृपाल पिता बंसता कुशवाहा, बृजेश कुशवाहा पिता रामपाल कुशवाहा, रूपचंद कुशवाहा पिता मोहन कुशवाहा, सोनू पिता रूपचंद कुशवाहा एवं अंशुल पिता विनोद कुशवाहा भी आ गए और सभी लोगों ने लात



घूंसों से मारपीट करने लगे जिसके कारण मेरे कान, बांई आंख में गंभीर चोटें आ गई। इस घटना को देखकर कुछ लोगों के द्वारा मेरे पुत्र उमेश कुशवाहा को फोन कर दिया गया और तत्काल मेरे दोनों पुत्र आए तो उनके साथ भी आरोपियों के द्वारा मारपीट की गई जिसमें मेरे पुत्रों को भी गंभीर चोटें आई।

**हमारे साथ मारपीट हुई और हमी को मुलजिम बनाया गया-** घटना को देखकर लोगों के द्वारा पुलिस 112 को डायल किया गया तो पुलिस आई और हम लोगों को इलाज के बहाने अमदरा थाने ले गई जहां पर मेरे द्वारा रिपार्ट लिखाई गई। इस घटना के दूसरे दिन मेरे और मेरे पुत्रों के साथ मारपीट करने वाले लोग थाने में रिपोर्ट करने पहुंचे तो उनकी रिपोर्ट लिखकर मुझे और मेरे दोनो पुत्रों के साथ गांव के ही सुशील कुशवाहा को भी पुलिस ने पक?कर जेल भेज दिया लेकिन मेरी रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई आज तक नहीं की गई। हम पर झूठा मुकदमा बनाकर जेल भेज गया जिस पर 16 दिन बाद मेरे पुत्रों की जमानत हुई और एक माह बाद मुझकों जमानत मिली है।

### इन्होंने कहा

फरियादी धनीराम कुशवाहा ने बताया है कि घटना के बाद से आरोपी हमें अपने घर में ही घुसने नही दे रहे है ओर कहते है कि जब तुम घर में नहीं रहोंगे तो खेती क्या करोंगे। आज ये हालत है कि जब हम अपने घर जाते है तो आरोपीगण कुल्हाड़ी, बका आदि हथियार लेकर खड़ हो जाते है और कहते है कि जहां रिपोर्ट लिखाना हो लिखा दो हमारा कुछ नहीं होगा। इस घटना के बाद से मैं घर नहीं जा प रहा हूं जिससे मेरा परिवार सदमें है। फरियादी ने कलेक्टर से फरियाद किया कि इस घटना की सही जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और मेरी जान माल की सुरक्षा की जाए।



# रेमकी कंपनी की गाड़ियां सड़क पर गिराती हैं बदबूदार कचरा

- दुर्गंध से लोगों का निकलना मुश्किल, लोग हो रहे बीमार

नवभारत न्यूज

**कोठी 18 दिसंबर, कचरा संग्रहण करने वाली रेमकी कंपनी की गाड़ियां पूरे हाईवे पर दुर्गंध युक्त कचरा गिराते हुए निकल रही हैं जिसकी वजह से भारी समस्या हो रही है।**

आलम यह है कि सड़क पर गिरा कचरा इतना बदबू देता है कि सड़क से निकलना भी दुश्वार है दुर्गंध की वजह से लोग बीमार हो रहे हैं क्योंकि हाईवे सतना चित्रकूट मार्ग पर पड़ता है और कोठी के बाईपास में जगह-जगह दुर्गंध युक्त कचरा पूरे सड़क पर फैला हुआ है बगल में बस्ती लगी हुई है जिससे दुर्गंध वहां तक जाती है क्योंकि इस कचरे में सूखा गीला गंदा और बदबू युक्त पदार्थ जो काफी दिनों तक एक जगह में एकत्रित किया जाता है और उस कचरे का परिवहन रेमकी कंपनी करती है परंतु उसे वह व्यवस्थित ढंग से ले जाने पर ध्यान नहीं देती और गाड़ियां ओवरलोड रहती हैं जिससे सड़क पर गड्ढे पड़ते हैं और वह जगह-जगह गिरता हुआ पूरे सड़क पर फैलता है। ठंड का मौसम है कोहरा भी रहता है जिससे दुर्घटनाओं की भी संभावना प्रबल हो जाती है क्योंकि कहीं-कहीं तो यह बीच सड़क पर देर का ढेर गिर जाता है जिसका वजन भी काफी रहता है कोठी के बाईपास में इन दिनों निकलना दुश्वार है साथ ही गंदे कचरे को जानवर भी आकर खाते हैं जिससे और समस्या हो रही है लोगों ने इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग की है क्योंकि इस कचरे की दुर्गंध काफी समय तक रहती है जिससे लोग बीमार होते हैं पूरे बाईपास में ऐसे हालात हैं, वार्ड क्रमांक 14 के निवासी अंजनी प्रसाद तिवारी ने कहा कि मेरा घर मसान बाबा के सामने बाईपास के पास सड़क के किनारे ही पड़ता है पिछले 40 वर्षों से अधिक समय से हम रह रहे हैं और सड़क हमारे घर के सामने से ही निकली है गंदा कचरा जीना दुश्वार किए हुए हैं क्योंकि यह पूरे सड़क पर फैला हुआ है इसकी दुर्गंध काफी दिनों तक रहती है पूरे सड़क पर गिराते हुए कंपनी गंदे कचरे का परिवहन करती है इस विषय पर कोई ध्यान नहीं दे रहा जिससे भारी समस्या हो रही है।



# बड़ा इटमा में जनसहयोग से बनाया बोरी बंधान

नवभारत न्यूज

**रामनगर 18 दिसंबर, जन सहयोग से जन अभियान परिषद की नवांकुर योजना अंतर्गत गीताश्रय समिति ने रामनगर के बड़ा इटमा स्थित बड़ी पूल में बोरी बंधान किया गया।**

जनपद पंचायत रामनगर सी ई ओ एम एल प्रजापति, समन्वयक प्रदीप तिवारी ,समाजसेवी सुभाष पाण्डेय, पंचायत सचिव मथुरा पटेल ,लल्लू लाल चौरसिया ,कमलेश्वर साहू ,रावेन्द्र सेन, राम सुशील कुशवाहा, चंद्रकली पटेल ,लक्ष्मी जी रजवारिया नूरी ,दीपांकर निकिता द्विवेदी आदि ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में दिखती है गंदगी ही गंदगी

नवभारत न्यूज

**कोठी 18 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी पहले सफाई कर्मचारियों की कमी से साफ सफाई की समस्या से जूझ रहा है। हालत यह है कि अस्पताल के कमरे ही साफ स्वच्छ रहे तो गनीमत है समझे पूरे परिसर को तो साफ करके रखना इन सफाई कर्मियों के बस की बात नहीं है।**

कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र करीब एक एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है और कई बिल्डिंग बनी हुई है साथ ही वृक्षारोपण भी अस्पताल परिसर के अंदर ही है इसके साथ-साथ कई सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन मरीजों का भी आना जाना रहता है जिससे कचरा होना स्वाभाविक है परंतु



साफ सफाई के नाम पर कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सिर्फ खानापूर्ति ही होती है वास्तविक और हकीकत कुछ अलग ही है जिसकी वजह से पूरा अस्पताल परिसर गंदगी से पटा रहता है सिर्फ सामने मुख्य जगह को साफ कर दिया जाता है बाकी परिसर को कोई देखने वाला नहीं है जिसकी वजह से हालात ऐसे हैं कि अस्पताल परिसर खुद ही बीमार दिखने लगा है। जगह-जगह अस्पताल परिसर में गंदगी फैली हुई है वृक्षों का खरपतवार भी अशोभनीय दिखता है साथ ही वृक्षों के गिरे हुए सुखे पत्ते परिसर को और गंदा करते हैं इसके साथ ही अस्पताल परिसर पर लगी हुई टंकियों का पानी भर जाने के बाद पूरे परिसर पर ही बहता है जिससे अव्यवस्थाएं होती हैं और जगह-जगह गंदगी फैलती है और साफ सफाई कर रहे कर्मचारियों को और समस्या होती है। प्रबंधन द्वारा पूर्व में कुछ सफाई कर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोठी को दिए भी गए परंतु उनके द्वारा आज तक कोई व्यवस्था में सहयोग नहीं प्रदान किया गया वह मात्र खानापूर्ति और नाम मात्र के लिए ही है कुछ कर्मियों से दूसरा काम लिया जाता है कुछ आते ही नहीं हाजिरी का भी कुछ अता पता नहीं अस्पताल के कुछ कर्मचारियों के नाम न छापने की शर्त पर कुछ लोगों द्वारा बताया गया की साफ सफाई के नाम पर कोठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में खेल चल रहा है कर्मचारियों की गिनती अधिक है परंतु काम कम करते हैं ठेकेदार इसका फायदा उठा रहा है।

### आंचल ने ओलिंपियाड में लाया प्रथम स्थान



**अमरपाटन,** शासकीय नवीन हाई स्कूल अमरपाटन की छात्रा आंचल कोल ने ओलम्पियाड परीक्षा मे प्रथम स्थान लाकर किया विद्यालय का नाम रोशन विद्यालय प्रचार्य सहित विद्यालय परिवार ने छात्रा के उपलब्धि पर हर्ष जताया गौरतलब है कि क्षात्रा के पिता ए एस आई समरजीत कोल अमरपाटन थाना मे अपनी सेवा दे चुके है।

# आरसीसीपीएल में मनाया गया 37 वां खदान सुरक्षा सप्ताह

- माइन्स एचओडी अखिलेश जे सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए

नवभारत न्यूज

**अमदरा 18 दिसंबर, ग्राम भरौली, जिला मैहर में स्थित सड़ेरा चूना पत्थर खदान में दिनांक 17 दिसंबर 2025 को 37वां खदान सुरक्षा सप्ताह बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा की विधिवत पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवेंद्र कुमार पटेल सहित सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर मां शारदा की आराधना की। इसके पश्चात उपस्थित




अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अतिथियों द्वारा "सुरक्षित श्रमिक, सुरक्षित खदान" का संकल्प लेते हुए सामूहिक रूप से सुरक्षा शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम में खदान प्रमुख श्री अखिलेश जे. सिंह द्वारा सभी पधारे हुए अतिथियों का आत्मीय स्वागत किया गया। उन्होंने अतिथियों को श्रीफल भेंट कर एवं साफा पहनाकर सम्मानित करते हुए मंचासीन कराया। कार्यक्रम के दौरान अन्य खदानों से आए निरीक्षण दल द्वारा सड़ेरा, सलेया तथा बांधी खदानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल ने खदान में सुरक्षा मानकों के उत्कृष्ट पालन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया एवं उनकी प्रशंसा की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खदान प्रमुख अखिलेश जे. सिंह ने अपने उद्बोधन में खदान में अपनाए जा रहे सभी सुरक्षा मानकों की विस्तृत जानकारी मंच के माध्यम से साझा की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं इकाई प्रमुख देवेंद्र पटेल ने सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खदान प्रबंधन के प्रयासों की सराहना की तथा सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्य करने की प्रेरणा दी। साथ ही, उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों से अपने-अपने ग्रामवासियों को भी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा आसपास के गांवों से पधारे ग्रामीणजनों को मिठाइयां वितरित की गईं। धन्यवाद ज्ञापन श्री नित्यकिशोर दीक्षित द्वारा किया गया, जबकि कार्यक्रम का कुशल संचालन श्री विजय ओझा ने किया। इस अवसर पर सीआरएस की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी आसपास के ग्रामों से सरपंच, प्रबुद्ध नागरिक, ग्रामीणजन, बच्चे एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। साथ ही, आसपास के विद्यालयों से आमंत्रित बच्चों द्वारा सुरक्षा विषय पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्होंने उपस्थित सभी अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य खदानों में कार्यरत श्रमिकों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित कार्य संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा।

# कैसे पड़े हम,एक शिक्षक के भरोसे 35 छात्रों की पढ़ाई

- भूगोल के शिक्षक के भरोसे संस्कृत विद्यालय के छात्रों

नवभारत न्यूज

**अमरपाटन 18 दिसंबर, एक तरफ जहां मध्यप्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग छात्रों के सुनहरे भविष्य को गढ़ने के लिए बजट भरपूर खर्च कर रहीं है वही दूसरी तरफ मैहर जिले का एक ऐसा स्कूल जहाँ सिर्फ 1 शिक्षक सभी विषय को पढाकर शिक्षा को जीवित रखने मे अपनी भरकम प्रयास कर रहेंहै।**

अमरपाटन नगर मे बने एकलौते शासकीय संस्कृत हायर सेकेण्डरी विद्यालय की जहाँ की चरमराई शिक्षा व्यवस्था किसी अधिकारी के आँखों मे दिखाई नही देती। ना ही सही ढंग की कक्षाएं ना लैब ना ही चपरासी।12वीं तक के इस विद्यालय मे मानो



ऐसा लगता है कि संकुल प्राचार्य छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए शिक्षा व्यवस्था को ही समाप्त करने मे अपना पूरा जोर लगा रहें है। अकेले एक शिक्षक के भरोसे इस विद्यालय की नीव टिकी हुई है। वह भी जो शिक्षक पदस्थ हैं संस्कृत विषय विशेषज्ञ भी नहीं है भूगोल विषय से हैं ऐसे में यहां अध्यन करने वाले क्षात्रों की संस्कृत से। से पढ़ने की इच्छा कितनी पूर्ति होती होंगी सोचने वाली भी बात नहीं है। वैसे भी शासन द्वारा संस्कृतकी शिक्षा को बढ़ावा देने की प्राथमिकता में है लेकिन अमरपाटन का यह विद्यालय नाम वा शिक्षा का मीडियम संस्कृत हैं लेकिन पढ़ाने के लिए नाम के अनुसार शिक्षक की स्थापना एक लम्बे समय से नहीं है।वही अगर एकलौते शिक्षक होने के चलते कोई विभागीय कार्य के लिये जाना पड़े या अवकाश लेना है ऐसे में हालात ताला लगाने की आ जाती है। विद्यालय मे पढ़ने वाले बच्चे पढ़ाई से वंचित हो जाएंगे। जिसकी भरपाई क्या विकासखंड शिक्षा अधिकारी करेंगे या संकुल प्राचार्य। अविभावकों ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि विद्यालय मे शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था किया जाये जिससे बच्चों क ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि विद्यालय मे शिक्षकों की पर्याप्त व्यवस्था किया जाये जिससे बच्चों के पठान पाठन मे कोई असुविधा ना हो सके।

# पर्यावरण ही जीवन का आधार,मिलकर काम करें

- भोपाल से आए जअप प्रतिनिधि ने भ्रमण कर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेढ़ी की ली बैठक

नवभारत न्यूज

**सतना 18 दिसंबर, जन अभियान परिषद राज्य कार्यालय भोपाल से भूषण तिवारी ने अपने प्रवास कार्यक्रम अंतर्गत 17 दिसंबर 2025 को ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेढ़ी का भ्रमण और समिति की बैठक ली।**

बैठक में श्री भूषण द्वारा पर्यावरण, स्वदेशी, जल संरक्षण, संस्कार शिक्षा आदि अनेक महत्वपूर्ण सुझाव ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति को दिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण ही जीवन का आधार है और हम सभी को मिलकर इस पर कार्य करना है साथ ही नवांकुर सखी द्वारा लगाए गए पौधों का भी वृक्षारोपण



पर उपयोग करने के लिए कहा। इसके साथ ही जिला समन्वयक डॉक्टर राजेश तिवारी द्वारा जन अभियान परिषद के कार्यों और आगामी कार्यों जैसे जल संचयन पर कार्य करने के लिए विस्तार से बताया। डॉ. राजेश तिवारी द्वारा धर्म नगरी में स्वरोजगार कैसे संभव होगा और क्यों करना आदि पर विषय पर चर्चा हुई।ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष राम प्रसाद कुर्मी द्वारा समिति द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक की शुरुआत में समिति के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ के द्वारा स्वागत किया गया। विकासखंड समन्वयक विजयेन्द्र जड़िया द्वारा समिति की भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में मुख्य रूप से भूषण तिवारी, डॉ. राजेश तिवारी, विजयेन्द्र जड़िया ,श्याम सुंदर मिश्रा, बद्रीश सेवा संस्थान समिति अध्यक्ष राम प्रकाश त्रिपाठी, संजू मिश्रा, सुशील गौतम, राम प्रसाद कुर्मी ओमप्रकाश यादव एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी और सरपंच नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

# धर्मनगरी चित्रकूट में विराट 151 कुंडीय गायत्री महायज्ञ शुरू

## हजारों संख्या में एक साथ दे रहे हवन आहुति वेद एवं गायत्री मत्रों से गूंजी धर्मनगरी

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 18 दिसंबर, आज विराट महायज्ञ के दूसरे दिन सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन किया गया।**

स्वान्त रंजन जी अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉक्टर रामनारायण त्रिपाठी दीनदयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय सचिव अभय महाजन संपर्क प्रमुख कानपुर प्रांत घनश्याम अग्निहोत्री ने किया टोली नायक एवं उत्तर जोन समन्वयक अखिल विश्व गायत्री परिवार केंद्र शांति कुंज हरिद्वार के परमानंद द्विवेदी तथा सहटोली नायक परमेश्वर साहू ने मार्गदर्शन एवं पूजन के मुख्य आचार्य का दायित्व अपने नव सदस्यीय टोली के साथ किया। आदरणीय परमानंद द्विवेदी ने पूजन कराते हुए कहा यज्ञ का जीवन भर के



लिए संकल्प होता है। यह चित्रकूट क्षेत्र पुण्य क्षेत्र है लोक कल्याण के लिए राम की भूमि है। हम राम को मानते हैं लेकिन राम की नहीं मानते। आज जाति का अहंकार बढ़ रहा है जो सनातन को कमजोर कर रहा है। हमको संकल्पित होना होगा। पूज्य गुरुदेव ने सनातन संस्कृति की हर परंपरा को जागृत किया। इष्ट का वरण अर्थात उसी प्रकार ही बन जाना मुख्य है उन्होंने कहा हे पूज्य गुरुदेव हम जन्म.जन्मांतरों से भटक रहे हैं आज हमारे भाग्य उदय हो रहे हैं और हम गुरु रूप में आपका वरण करते हैं।

उन्होंने कहा पूजन का मर्म समझना चाहिए। वंदे मातरम ना बोलने वालों पर कटाक्ष करते हुए कहा भारत में रहते हुए ऐसा नहीं करना चाहिए और इसके लिए फटकार लगाया। हमको प्रतीक को मानना पड़ेगा।कंपटीशन करना है तो सद्गुणों का करना चाहिए। आज के पूजन कार्यक्रम के अंतर्गत नंदू अहिरवार झांसी रवि शर्मा दतिया ने आचार्य बरण का पूजन किया।

# रमेश प्रजापति मुन्ना बने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**मैहर 18 दिसंबर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस संगठन द्वारा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत रमेश प्रजापति मुन्ना को कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्ज़ा देखने को मिल रही है।**

रमेश प्रजापति लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा के प्रति समर्पित रहकर जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रिय भूमिका को देखते हुए



पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस अवसर पर मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेश घई ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह नियुक्ति ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगी ,कांग्रेस संगठन को नई मजबूती कार्यकर्ताओं में उत्साह जनता से और मजबूत जुड़ाव संचार होगा।



# सब जेल नागौद में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

नवभारत न्यूज

**नागौद 18 दिसंबर, सब जेल नागौद में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सतना द्वारा विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया।**

शिविर में पार्थ शंकर मिश्र सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मोहम्मद जिलानी जिला विधिक सहायता अधिकारी तथा मुख्तार अहमद सिद्दीकी अधिवक्ता उपस्थित हुए और बंदियों से जातिगत आधार पर भेदभाव तो नहीं हुआ की यह जानकारी ली। अधिवक्ताओं एवं अन्य समस्याएं पूंछी गई। जेल प्रबंधन पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। अधिवक्ता सिद्दीकी ने सदाचार पूर्ण जीवन व्यतीत करने हेतु प्रेरित किया। अंत में कमलेश राय सहायक जेल अधीक्षक द्वारा आभार व्यक्त किया गया। स्टाफ में देवेन्द्र सिंह, जीतेन्द्र द्विवेदी ,बिकास मिश्रा उपस्थित रहे।

# वैद्य जयवीर सिंह लखन को पत्नी शोक

**कोठी 18 दिसंबर,** ग्राम पंचायत मौहार निवासी के पूर्व जल उपभोक्ता संस्था कोठी के अध्यक्ष वैद्य जयवीर सिंह लखन की धर्मपत्नी



श्रीमती विद्या सिंह का पिछले 16 दिसंबर की रात्रि अचानक निधन हो जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है। विद्या सिंह पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थी वह लकवा की बीमारी से ग्रस्त थीं 16 दिसंबर को अधिक ठंड पड़ने की वजह से वह इस दुनिया से अलविदा हो गई उनका अंतिम संस्कार 17 है दिसंबर को उनके निज ग्राम मौहार में किया गया वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चली गई दो पुत्रों सहित नाती पोतों का भरा पूरा परिवार उनके ना रह जाने से गमगीन है, सहेंद्र सिंह ,राकेश सिंह बबलू, उमेश सिंह पप्पू ,बृजेश गर्ग सोनू, ने गहरा दुख व्यक्त व्यक्त की है.

# धान खरीदी में सर्वेयर की किसानों ने किया शिकायत

## कहीं धान तुलाई तो कही ढुलाई के नाम पर किसानों से की जा रही लूट

- महिला समूहों के नाम मची है खुली मची लूट , शासन प्रशासन बना अंजान - इंद्रजीत पाठक

नवभारत न्यूज

**सतना/उचेहरा 18 दिसंबर, शासन द्वारा इन दिनों किसानों की उपज को सही दामों में खरीदने भले ही खरीदी केंद्र खोले गए है लेकिन वही कहावत चरितार्थ हो रही है - जब रक्षक ही बन जाए तो भला कौन क्या बिगाड़ लेगा। अमूमन हर खरीदी केंद्र पर नियम विरुद्ध धान खरीदी की शिकायत आ रही हैं कही गीली धान के नाम से अधिक तौल ली जा रही है तो कही अनलोड के नाम से फिक्स रुपया ले रहे हैं।**

किसान सूत्रों के अनुसार अधिकांश खरीदी केंद्रों में तो जिस इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा से तौल की



जा रही है उसमें सेटिंग करा किसानों की अधिक धान ले रहे हैं अगर जांच अधिकारी अपने निरीक्षण के समय इस बिंदु पर भी ध्यान दे तो बहुत बडा गडबड झाला सामने आ जायेगा। यह भी जांच का एक बिंदु होना चाहिये। उचेहरा खरीदी केंद्रों की ही अगर हम बात करें तो यहां पर शासन ने महिला शसक्तीकरण को बढावा देने कई महिला समूहों को खरीदी केंद्र तो दे दिये हैं , लेकिन उन महिला खरीदी केंद्रों में शायद ही कोई महिला मौजूद हो इसमे भी बड़े ही राजनीतिक के सर परस्तों का हांथ है तभी को कोई जिम्मेदार इस विषय को जांच में आखिर क्यों नहीं लेता ? यह खेल आज नहीं कई वर्षों से चल रहा है। उचेहरा की कृषि उपज उप मंडी में डाक बोली बंद है वहां खरीदी चल रही है इसी प्रकार रगला पंचायत स्थित स्टेडियम जो नगर परिषद के आधीन है वहां भी शासन क्यों खरीदी केंद्र एलाट कर रखा है इसका भी किसानों ने सवाल शासन प्रशासन से उठाया।

अगर मौके पर महिला समूह के सदस्यों / पदाधिकारियो की जांच हो जाय तो अधिकांशत: महिला समूह के नाम से खरीदी केंद्रो में उनके पति ,रिस्तेदार ,कर्मचारी ही मौजूद मिलेंगे ,सम्बन्धित जिम्मेदारों को ये विषय भी अपने जांच का अहम बिंदु बनाना चाहिए यह तो सरेआम शासन के नियमो का उलंघन है।

ब्लॉक में धान खरीदी में लगातार मिल रही गड़बड़ी की शिकायतो के चलते एस डी एम सुमेश द्विवेदी ने खरीदी केंद्र स्वाती वेयर हाउस सहित अन्य खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया था स्वाती वेयर हाउस में चल रही खरीदी केंद्र के सर्वेयर द्वारा किसानों से धान को पास करने के नाम और समय से उठाव न होने से बन रही जाम की स्थिति को संज्ञान में ले मामले को गम्भीरता से लेते उक्त समस्या को तत्काल हल कराने की बात एस डी एम ने कही किसानों से वसूली के मामले में मिली शिकायत को लेकर डी.एम.नान को मौके पर तुरंत बुला पंचनामा तैयार कर आगे की कार्यवाही की जा रही है। इस दरमियान तहसीलदार ज्योति सिंह पटेल आर आई सहित हल्का पटवारी मौजूद रहे।

### इनका कहना है

महिला खरीदी केंद्रो के नाम पर खुली लूट मची हुई है रही बात किसानो की अन्य समस्याओ की अगर किसान साक्ष्य के साथ कोई शिकायत करता है तो यूनियन उनकी समस्याओं को शासन प्रशासन तक पुर जोर उठायेगा।

**इंद्रजीत पाठक ,जिला अध्यक्ष ,भारतीय किसान यूनियन**